卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 184 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦ 14 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


**षष्ठम नवरात्र**




**मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं। शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।**

# भाजपा के 'संकल्प पत्र' में कई बड़े वायदे

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में संकल्प पत्र का अनावरण किया। इस दौरान उनके साथ मंच पर गृह मंत्री अमित शाह, मेनिफेस्टो कमिटी के चेयरमैन राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। वह भारत को दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कराने का संकल्प भी ले चुके हैं। बीजेपी अपने घोषणा पत्र में पीएम मोदी के संकल्पों को पूरा करने का रोडमैप पेश किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' नाम दिया है। इसमें समान नागरिता संहिता लागू करने, म सभ्झी को स्वास्थ्य बीमा देने, स्व निधि योजना का गांवों तक विस्तार करने, सहित तमाम बड़ी घोषणायें की गयी है। पार्टी ने इसमें युवाओं, महिलाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों पर अपना फोकस रखा। संकल्प पत्र जारी करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने नई सरकार के लिए 100 दिन का एक्शन प्लान भी तैयार कर लिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुफ्त बिजली से लेकर कई सारे वादे किए हैं। भाजपा ने देश के लोगों से फ्री बिजली से लेकर 5 साल तक मुफ्त राशन की व्यवस्था जारी रखने का वादा किया है। इसी के साथ संकल्प पत्र में 3 करोड़ नए घर बनाने का भी वादा है। पीएम सूर्यघर बिलजी योजना को लॉन्च कर लोगों को ज्यादा बिजली बनाकर पैसे कमाने का भी अवसर दिया जाएगा। मुद्रा युजना की सीमा अब 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है। संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि वो जल्द देश में यूसीसी लागू करेंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नागरिकों से भी एक खास वादा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब आयुष्मान योजना के दायरे में 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को लाया जाएगा। आयुष्मान योजना के दायरे में अब ट्रांसडजेंडर भी आएंगे। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। संकल्प पत्र जारी करते हुए पीएम मोदी ने दो बड़ी बातें भी कही। पीएम ने कहा कि हम देश में वन नेशन वन इलेक्शन (शेष पृष्ठ सात पर)




# भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली में उमड़ा जनसैलाब

**फिर मोदी सरकार बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिकाः धामी**

खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में जोरदार बाईक रैली निकाली। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार की छत पर बैठकर लोगों का अभिवादन करते नजर आये। रैली में विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, ग्राम चटिया स्थित इंटर कालेज मैदान पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गयी। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि युवाओं का जोश देखकर लग रहा है कि इस बार चार सौ पार का संकल्प पूरा होने जा रहा है और नैनीताल उधम सिंह नगर सीट पर जीत का रिकार्ड बनने वाला है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी पर देशवासियों को भरोसा है। मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल में देश की दिशा और दशा बदलने जा रही है। उन्होंने कहा कि दस वर्ष के कार्यकाल में अभी ट्रेलर देखा है, आगे कई ऐतिहासिक काम होने वाले हैं। रैली में नंदन सिंह खड़ायत, रमेश जोशी रामू, जीवन धामी, भवानी




## संदिग्ध परिस्थितियों में किच्छा के युवक की मौत,दूसरा घायल

सितारगंज (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सरकारी अस्पताल से पुलिस को युवक की मृत्यु की सूचना मिली है। जबकि कुछ लोग सड़क हादसे में युवक की मौत होने की जानकारी दे रहे है। हालाकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक किच्छा का रहने वाला है। किच्छा के ग्राम सिरौली निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद शादाब पुत्र रफीक अहमद, साथी सोहेल के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार खाई में गिरने से चार की मौत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर-धरमघर मोटर मार्ग के भाटनीकोट कफलखेत के पास रविवार सुबह एक कार पुंगर नदी में गिर गई। हादसे में दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। हादसे में मारे गये सभी लोग पूजा के लिए सरयू का जल लेने बागेश्वर आ रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बागेश्वर के बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग पर चिड़ंग गडेरी के पास दिल्ली नंबर की आल्टो कार संख्या डीएल-2 सी- एएम-0169 करीब 300 मीटर नीचे नदी में जा गिरी। सुबह के समय स्थानीय लोगों को कार नदी में गिरी दिखी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल आनन-फानन में कार हादसे की सूचना पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां टीम खाई में उतरकर नदी तक पहुंची। जहां चार शव पड़े मिले। जिसके बाद शवों को खाई से रेस्क्यू कर सड़क तक पहुंचाया। जहां से (शेष पृष्ठ सात पर)



# ट्रक और स्कूल बस की भिड़ंत, दो दर्जन घायल

खटीमा (उद संवाददाता)। सीमेंट से लदे ट्रक ने एक स्कूल बस को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद स्कूल बस और ट्रक सड़क किनारे पलट गये। हादसे में स्कूली बच्चों सहित करीब दो दर्जन लोग घायल हो गये। हादसे के बाद घायल बच्चों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घटना से इलाके में हड़कम्पम च गया। हादसे में एक शिक्षक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घायलों का हाल जाना। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह बिगराबाग के पास हाईवे पर एक निजी संस्थान की बस को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में (शेष पृष्ठ सात पर)



# कांग्रेस प्रत्याशी को हरवाने का काम कर रहे है कांग्रेसी पदाधिकारीः तनेजा

**पूर्व महानगर अध्यक्ष ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष गावा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर लगाये गंभीर आरोप**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को हराने के लिए रची गई साजिश के तहत मेरा निष्कासन किया गया है। साथ ही जिस व्यक्ति द्वारा निष्कासन किया गया है उन्हें उसका कोई अधिकार पार्टी संविधान ने नहीं दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि वह वर्ष 2007 से कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं। उन्हें आज पता लगा कि महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा द्वारा उन्हें पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जबकि उन्हें (शेष पृष्ठ सात पर)



# बनवारी पेपर मिल में 256 कुंतल अवैध पेपर बरामद

**दिल्ली की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा**

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित बनवारी पेपर मिल में छापामार कार्यवाही के दौरान दिल्ली से आई एनसीईआरटी की टीम ने पेपर मिल से अनाधिकृत रूप से एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर बनाया गया कल 256 कुंतल अवैध पेपर बरामद किया। सूत्रों का कहना है कि सरकार की आंख में धूल झोंककर पेपर मिल में काफी समय से धोखाधड़ी का यह खेल चल रहा था। जानकारी के मुताबिक एनसीईआरटी टीम दिल्ली को पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि रामनगर रोड स्थित बनवारी पेपर मिल में एनसीईआरटी का होलोग्राम गैर कानूनी तरीके से इस्तेमाल कर पेपर बनाया जा रहा है। इसी सूचना पर शनिवार को अपराह्न बाद कोतवाली पुलिस को साथ लेकर एनसीईआरटी की टीम ने बनवारी पेपर मिल में छापामार कार्यवाही के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर बनाया गया 256 कुंतल पेपर बरामद हुआ। बरामद पेपर तथा होलोग्राम बनाने वाले मैच को एनसीई (शेष पृष्ठ सात पर)



# सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जी ट्रांजिट कैंप में आज प्रात: से सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा का पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व गत रात्रि 8 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की गई। आज प्रात: 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ जिसमें आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय ( वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधे राधे संप्रदाय( मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। साथ ही भंडारा आयोजित होगा। आज प्रात: से ही मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जो हरि नाम कीर्तन सुनकर भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। इस दौरान आयोजन समिति सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष परिमल राय, उपाध्यक्ष सुबीर दास, शकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, उप कोषाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, संगरक्षक दिलीप अधिकारी, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्र शेखर गांगुली, अजीत शाह, राजकुमार शाह, प्रभास स्वर्णकार, जपन राय चौधरी, सुमित राय, मोहन उपाध्याय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, केरू मण्डल, गौतम सिकदार, शुभम दास, बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार, बाधा चौधरी, प्रणय राय चौधरी, बॉबी दास, विक्की सरकार, असीम सरकार, माधव दत्ता, शुभंकर राय, मनोज राय, मोहन कुमार, सुख विश्वास, शिवा ढाली, कार्तिक सरकार, रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना, मौती बाला, शिशिर मण्डल आदि मौजूद थे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, नि:सन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पध्दति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है: रामपाल सिंह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए पार्टी के नेताओं ने ताकत झोंक दी हैं। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह भी अजय भट्ट की रिकार्ड मतों से जीत के लिए जोर शोर से प्रचार में जुटे हैं। प्रचार अभियान के तहत रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौहान ने मंडल अध्यक्षधर्म सिंह कोली, निवर्तमान पार्षद प्रमोद शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नंबर 16 स्थित बगवाड़ा भट्टा, प्रताप इनक्लेव, देव होम्स,कौशल्या ग्रीन, देव होम फेस 6, प्रबल एनक्लेव, रॉयल रेजिडेंसी में डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान रामपाल सिंह ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। आम चुनाव देश की दिशा तय करता है। मोदी सरकार ने दस साल में देश की तस्वीर बदलने का काम किया है, एक बार फिर केन्द्र में भाजपा सरकार बनने से भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होगा। आज भारत की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। यह मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर भारत को गौरवान्वित किया है। आज दुनिया में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के साथ विशेष लगाव रहा है इसी लिए आज उत्तराखण्ड में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है करोड़ों की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार के अभूतपूर्व विकास कार्यों के बल पर आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का विश्वास कई गुना बढ़ा है। लोगों को आज मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इसी लिए विपक्ष के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है। भाजपा नेता अनिल चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने धारा 370, सीएए और राममंदिर निर्माण जैसे वो बड़े कार्य भी कर दिखाये जिसकी लोग उम्मीद नहीं करते थे। यह सब आम आदमी के एक एक वोट की ताकत से संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि अभी ऐसे अनेक काम शेष हैं जिन्हें पूरा करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार जरूरी है लिहाजा भाजपा के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। जनसंपर्क के दौरान हिमांशु शुक्ला, विनय बत्रा, मोहन तिवारी,



# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा

गदरपुर(उद सं)। ग्राम मजरा हसन में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है भाजपा की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त जनता को नहीं राह दिखाने की जिसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी द्वारा जन-जन तक संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनता को राहत मिलेगी, बेरोजगारी ,महंगाई, महिलाओं पर जुल्म एवं अन्य कई प्रकार के अपराधों से जनता भयभीत हुई पड़ी है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में कई ग्रामों में जनसंपर्क करके लोगों को कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी,कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ,वरिष्ठ समाजसेवी अजय गाबा, राजेश बाबा, विजय गुंबर, राजू बठला, मुकेश भगत, आचार्य रामविलास, सपा जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, वंश शर्मा, रणजीत सिंह समेत तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# भाजपा नेता चुघ ने रम्पुरा में किया घर घर जनसंपर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे भाजपाइयों का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचता जा रहा है। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ रम्पुरा के विभिन्न वार्ड में पहुंचकर जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान की अपील की । जनसंपर्क से पूर्व श्री चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ कटोरी मंदिर, 84 घंटा मंदिर ,हनुमान मंदिर और गुरुद्वारे में जाकर आशीर्वाद लिया और प्रचार अभियान शुरू कर दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है जो जनता के सहयोग से सार्थक होगा और केंद्र में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी ।उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें युवा भारत की झलक नजर आ रही है ।उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी संकल्प पत्र देश के सभी लोगों के विकास और उत्थान के लिए तैयार किया गया है और भाजपा सरकार बनने के बाद इसे धरातल पर उतारेंगी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार सदैव विकास की सोच रखती है पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने विकास के नए आयाम लिखे हैं और देश को दुनिया के मानचित्र पर अंकित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ठेली,फड वालों से लेकर नौकरी पेशा लोगों और उद्योगपति तक सभी के विकास के लिए कटिबद्ध है साथ ही महिलाओं और युवाओं के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सीएम धामी की सरकार नित नये आयाम लिख रही है और राज्य के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने रमपुरा के वार्ड 21, 22, 23 ,24 और 25 में डोर टू डोर संपर्क किया। इस दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी महेश कोली, राज कोली, राम प्रकाश कोली ,राहुल कोली, छोटू कोली, जितेंद्र कोली, वीरू कोली, दर्शन कोली ,आशीष श्रीवास्तव, अंकित ,विपिन कोली, संजय कोली, प्रताप कोली ,संजीव कोली ,सनी पासवान, दीपक कोली ,योगेंद्र कोली ,राजू गुप्ता, रामेश्वर कोली , सौरभ कोली, राजू कोली ,बंटीकोली ,शिवकुमार शिबू ,मान सिंह, वंश कोली, सतपाल कोली, शिवचरण कोली समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।



# शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बेवक्ता तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर स्थित बाबा भुम्मणशाह मंदिर में शहीद उधम सिंह ब्लड बैंक द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 30 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ । उल्लेखनीय हो कि बाबा भुम्मणशाह मंदिर लगभग 70 के दशक में स्थापित किया गया था तब से अब तक दर्जनों बार रक्तदान एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिए जागरूक रहकर समाज सेवा में लोग अग्रणी रहे हैं खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व पर विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया । इस दौरान सैकड़ो लोगों ने सहभागिता करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में अखंड पाठ के भोग के उपरांत शब्द कीर्तन ,कथा एवं लंगर का आयोजन किया गया।ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी गुरुद्वारों में खालसा साजना दिवस बैसाखी पर धूमधाम से मनाया गया। लोगों द्वारा अपने अपने घरों पर खालसा ध्वज फहराकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी ।



माता की चौकी
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में समाजसेवी करूण गुप्ता के परिवार की ओर से माता की षष्ठम चौकी का आयोजन
दिनांक 14 अप्रैल 2024, दिन रविवार शाम 7.30 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर

# टेंट हाउस के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद टेंट हाउस के बाहर से एक और मोटरसाइकिल पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटोरा ताल निवासी दिव्यांशु सिधवानी पुत्र अनिल सिंधवानी ने बताया कि बीते 12 अप्रैल को उसने अपनी मोटरसाइकिल टेंट हाउस के सामने खड़ी की थी।

# विद्युत चोरी में दो लोग नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी सत्यपाल सिंह व योगेंद्र कुमार पुत्रगण बन्नी सिंह पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस की तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मैंनू रख ले मैया जी चरणा दा सेवादार

## भजन गायकों ने मां के जयघोषों के साथ किया गुणगान, एसएसपी सहित कई भक्तों ने लिया आशीर्वाद





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के छठे दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता के अर्द्धरात्रि जागरण में भजन गायक कलाकारों द्वारा मां के कई भजन सुनाये गये। जिन्हें सुनकर उपस्थित सभी श्रद्धालु मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान विजय फुटेला व राकेश सुखीजा परिवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक दिल्ली से आये मास्टर बॉबी ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने बोलो राम राम जय जयराम, श्री कृष्ण गोविंद राधे नाथ नारायण वासुदेवा, मैं आपका हूं पराया नहीं, तुमने बुलाया मैं दौड़ा चला आया, मैं कुछ भी नहीं मेरी मैया, तूं जाननी जान है मेल कैसें होवेगा, मेला मैया दा, लोकी नचदे खुशियां नाल, भोले की बारात चढ़ी रज गज के, लोगों ने भंग पीती रज रज के, इक वारी कहदे मैया जा ऐश कर आदि भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें प्रसाद फल की सेवा गौरव अनेजा ने, दूध की सेवा नरेश शर्मा ने, पंच मेवा की सेवा सुधीर अरोरा ने की। इस मौके पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, राजकुमार ठुकराल, संजय जुनेजा, मनोज छावड़ा, संदीप राव, श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा भावना, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, नरेश छावडा, मोहत बत्रा, विजय जग्गा, सुनील ठुकराल, नरेश ग्रोवर, हरीश गुंबर, नरेन्द्र अरोरा, कमल, जितेन्द्र जीतू, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।





## देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदबाद के संयुक्त तत्वाधान में देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम का समापन किया गया। 30 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 45 छात्र-छात्राएँ पंजीकृत थे। बारह दिवसीय इस कार्यक्रम में डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. अतुल उप्रेती, प्रो. केके पांडेय, हितेंद्र शर्मा, डॉ. मनप्रीत सिंह, शोधछात्र सुभाष और वरिष्ठ परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने व्याखान दिए गए, जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्यमिता का अर्थ, महत्व, उद्यमी के गुण, नवाचार, स्टार्टअप, व्यवसाय के प्रकार, सॉफ्ट स्किल, व्यवसाय के अवसर, आत्म मूल्यांकन, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, उत्पादन योजना, परियोजना की लागत, बही खाता, ई कॉमर्स, सरकारी योजनाएँ, इन्वेटरी मैनेजमेंट और मार्केटिंग मिक्स के विषय में बताया गया। समापन समारोह के अवसर पर प्रो. केके पांडेय ने कहा कि समय के साथ चलना बहुत आवश्यक है। वाणिज्य विभाग के डॉ. अतीश वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. योगेश पांडेय, डॉ. संजय कुमार बिष्ट, डॉ. कैलाश, छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, सचिव आदर्श कुमार, पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार, निखिल, सूरज सैनी, डैनिश, अभिषेक, सताक्षी शर्मा, पायल बिष्ट, तन्नू, उजमा खान, दिव्या, दीपा सागर, अंशिका गुप्ता और राहुल सिसौदिया आदि उपस्थित थे।




## पंजाबी जनकल्याण समिति ने मनाई बैसाखी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा इस साल बैसाखी को कुछ अलग स्वरूप में मनाने के लिए अनाथ असहाय बच्चों के साथ धूमधाम से बैसाखी का आयोजन किया। संस्था संरक्षक सुभाष मोंगा ने बताया कि हर साल पंजाबी संस्था पिछले कई वर्षों से बैसाखी पर्व पर कुछ ना कुछ कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है और इस वर्ष संस्था ने संकल्प लिया की बैसाखी को उन असहाय अनाथ बच्चों के साथ मनाया जाए जो अपने परिवार से बिछड़े हुए हैं और अनाथालय में अपना जीवन व्यापन कर रहे हैं। समिति द्वारा मिशन इंडिया होम संस्था को करीब एक माह का राशन सेवा में भेंट किया व सभी बच्चों एवं स्टाफ के साथ जल पान किया। बच्चों द्वारा गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। ढोल की थाप पर बच्चों ने खूब आनन्द लिया। संस्था की अध्यक्ष बिंदु ने बताया कि वह लगभग 20 साल से इस संस्था को चला रहे हैं। जिसमें 20 साल पहले पांच बच्चों से यह अनाथालय शुरू हुआ था और अभी यहां 16 बच्चे मौजूद हैं। जिनकी देखरेख, सेहत, खाना पढ़ाई, आदि सभी चीजों का जिम्मा संस्था उठा रही है। संस्था अपनी सेवा बखूबी निभा रही है और बच्चों को यथासंभव हर तरह की सेवाएं प्रदान की जा रही है। अध्यक्ष बिंदु ने पंजाबी समाज का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसी संस्थाओं के सहयोग से ही वह अपना अनाथालय चला पा रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, उपाध्यक्ष संजीव आनन्द, महामंत्री मुकेश ढींगरा,



उमंग वासुदेवा, अवनीश राजपाल, जितेंद्र साहनी, अशोक राजपाल, हरिमोहन अरोड़ा, डॉ. अतुल राजपाल, अंकुर मोंगा, पंजाबी वूमेन क्लब की अध्यक्ष रश्मि राजपाल, नीति थरेजा, गुंजन सडाना, आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के सत्ता में आते ही अग्निवीर योजना होगी बंद : प्रकाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने युवाओं का आहवान करते हुवे कहा कि अपने सुरक्षित भविष्य के लिए आप कांग्रेस को वोट करें। कांग्रेस के सत्ता में आते ही युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाने वाली अग्निवीर योजना को तत्काल बंद किया जायेगा और युवाओं के सेना में भर्ती होकर देश सेवा के सपने को फिर से साकार किया जायेगा। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि पिछले 10 सालों से युवाओं के भविष्य से जो खिलवाड़ भाजपा द्वारा किया गया उसका पूरा हिसाब युवा अपने मत के माध्यम से करेंगे। उन्होंने रामनगर मे प्रियंका गांधी की जनसभा में प्रतिभाग करने के उपरांत नैनीताल विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों नैनीताल शहर, पटवाडांगर, ज्योलिकोट, दोगाँव, भूजियाघाट सहित बनभूलपुरा, हलद्वानी मे व्यापक जनसंपर्क किया। नैनीताल में तल्लीताल से मल्लीताल तक रोड शो के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश



जोशी ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ भाजपा को बहुत भारी पड़ेगा। युवाओ के सुरक्षित भविष्य हेतु कांग्रेस की न्याय गारंटी युवाओं के सहयोग से कांग्रेस पूर्ण करने का कार्य करेगी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता हैं और इस बार युवा जोश कांग्रेस के साथ है। नैनीताल अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने कहा पर्यटन राज्यमंत्री के लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय पटरी से उतर चुका है। नैनीताल के पर्यटन के विकास के लिए कोई असरदार कार्यवाही अमल में ना लाना नैनीताल के लिए धोखा है। जनता वोट से जवाब देगी। चेयरमैन नैनीताल सचिन नेगी ने कहा कि पर्यटन नगरी नैनीताल से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी जनसमर्थन विरोधियों के लिए साफ संकेत है कि इस बार नैनीताल से ही बदलाव की बयार बहेंगी। जनसंपर्क कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, एडवोकेट गोविंद बिष्ट, मनमोहन कनवाल, रमेश पांडे, कैलाश अधिकारी, हिमांशु पांडे, राजेन्द्र बिष्ट रज्जी, खष्टी बिष्ट, भावना भट्ट, नवनीत सती, गिरीश पपनै, सूरज पांडे, मुकेश जोशी, मनोज बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, मोहम्मद गुफरान आदि मौजूद रहे।

## वैसाखी पर्व पर भंडारा आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बद्रीकेदार सेवा सेवा मंडल द्वारा वैसाखी पर्व पर गत दिवस भगत सिंह चौक पर श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ तथा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें रागी जत्था पवनदीप सिंह बिलासपुर वालों ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने शामिल होकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जगदीश टंडन, अशोक गुम्बर, हरबंस गुम्बर, जगदीश गुम्बर, सोनू अनेजा, दीपक मुंजाल, रूबल नारंग,



रोनिक नारंग, राजू तरीखा, गगन सिंह, रोहित जग्गा, काली चावला, आयुष तनेजा, सौरभ ग्रोवर, विशु गुम्बर, गिरीश भाटिया, अक्षय गाबा, रीता पाहवा, गगनदीप कौर, अनु गुम्बर, हरीश मुंजाल, ईशा पाहवा, सोनम ग्रोवर, ईशा नारंग, शिवा नारंग, नयनदीप कौर, जतिन नागपाल, रूपेश अरोरा, वीना रानी, लता छावड़ा, अंजू, सरोज डोगरा, मुलखराज ठुकराल, सचिन अरोरा आदि मौजूद थे।

# पत्रकार उत्पीड़न के मामले में एसएसपी समेत अन्य का जवाब तलब

## जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, अगली सुनवाई 13 मई को होगी

खटीमा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने खटीमा में चौकी इंचार्ज द्वारा पत्रकार और उसके नाबालिग पुत्र के साथ मारपीट करने व बिना किसी कारण के हवालात में बंद करने के मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, एसएसपी और एसएचओ का जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने राज्य सरकार, एसएसपी उधम सिंह नगर व एसएचओ खटीमा से मामले पर चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 मई की तिथि नियत की है। बता दें पिछले दिनों खटीमा निवासी पत्रकार दीपक यादव के साथ चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि उन्हें और उनके नाबालिग पुत्र को हवालात में डाल दिया। यह मामला तूल पकड़ गया था और मामले में पत्रकारों ने आंदोलन भी किया। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की



अगुवाई में पत्रकारों ने उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया था और चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मामले की शिकायत के बावजूद एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने कोई कार्रवाई नहीं की जिस पर पत्रकारों को हाईकोर्ट की शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। मामले में खटीमा निवासी पीड़ित पत्रकार दीपक यादव ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा कि उनका पुत्र दीपक यादव 21 फरवरी को सात बजे प्लाट में मकान का कार्य देखकर खटीमा वापस आ रहा था तभी उसकी कुछ बच्चों के साथ कहासुनी हो गयी। जिसकी सूचना उनके पुत्र ने फोन पर उन्हें दी। सूचना मिलते ही वे घटना स्थल पर पहुँचे। लेकिन उनसे पहले ही चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल वहाँ पहुँच गए। जब पत्रकार ने इसकी जानकारी चौकी इंचार्ज से चाही तो इंचार्ज ने उनके साथ गली गलौच करके उन्हें गाड़ी में बिठाकर थाने ले गए और उन्हें हवालात में बंद कर दिया। पुलिस ने फर्जी तरीके से चालान करके उनकी स्कूटी भी सीज कर दी। जब इसकी सूचना अन्य पत्रकार बंधुओं को मिली तो वे उनसे मिलने के लिए थाने गए परन्तु उनको उनसे नही मिलने दिया। उनके द्वारा इसकी शिकायत एसएसपी व मुख्यमंत्री से की गई परन्तु अभी तक उनकी शिकायत पर चौकी इंचार्ज के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया गया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से प्रार्थना की है कि चौकी इंचार्ज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाय। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने राज्य सरकार, एसएसपी उधम सिंह नगर व एसएचओ खटीमा से मामले पर चार सप्ताह में जवाब पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 मई की तिथि नियत की है।

# पीएसी और एसडीआरएफ के जवानों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार को पीएसी 31वीं वाहिनी रूद्रपुर में बनाये गये सुविधा केन्द्र में पीएसी के 46वी व 31वीं बटालियन एवं एसडीआरएफ के जवानो द्वारा पोस्टल बैलेट से अपना मतदान किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, नोडल कार्मिक मनीष कुमार, 66-विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर सहायक निर्वाचन



अधिकारी मनीष बिष्ट ने प्रातः 11.30 बजे 31वीं बटालियन के आडिटोरियम हॉल में बनाये गये सुविधा केन्द्र में मतदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को सावधानी से मतदान करने व मतदान की गोपनीयता बनाये रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान मतदान जारी था।निरीक्षण के दौनान डिप्टी कमांडेट 31वीं वाहिनी पीएसी उत्तम सिंह नेगी, सहायक नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट सुभाष गुप्ता,तहसीलदार दिनेश कुटौला व पीएसी के जवान मौजूद थे।

# जयंती पर बाबा साहब अंबेडकर को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूर्व



विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया । इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि बाबा साहब की नीतियों एवं सिद्धांतो पर चलकर ही हम मजबूत लोकतंत्र एवं जनता के चार जनाधिकारो को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा सकते हैं। श्री ठुकराल ने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को सामान अधिकार देता है जो कि बाबा साहब की दूरदृष्टि का ही परिणाम है। कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने जो मन्त्र देश के संविधान के रूप में दिया वह आने वाले हर समय और काल में हर मानवीय एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण में न्यायपूर्ण एवं सत्य ही साबित होगा। इस दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर युवा मंच द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को तलवार देकर व स्मृति चिन्ह शाल उड़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान माल्यार्पण करने वालों में के पी गंगवार ,सुशील आर्य दीपक सागर पार्षद रंजीत सागर कांतिकोली दर्शन कोली,अशोक सागर, दीपक सागर हिम्मत राम कोली, शैलेंद्र कोली ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# मोदी के काम से जनता संतुष्ट:हुड़िया

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सूरजभान गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ की एक बैठक आयोजित की गई।जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मुख्य वक्ता भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा भारत प्रधानमंत्री मोदी के कार्यो से काफी खुश एवं संतुष्ट है।उन्होंने कहा कि भारत को हम पूर्ण रूप से शिक्षित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते है, ऐसे में हमें संगठन के और अधिक प्रयास से मोदी को पुनः और अधिक सीटों से प्रधानमंत्री बनाकर इन योजनाओं को आगे बढ़ाना है।आज





रोजगार,व्यवसाय,शिक्षा,उन्नति सभी कार्य इस सरकार की योजनाओं द्वारा ही संभव हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं और जो भी केंद्र या राज्य की योजनाएं चल रही हैं,उन सभी को आम जन तक पहुंचाया जा रहा है,ताकि सभी सुविधाओं का पात्र लोगों को लाभ मिल सके।केंद्र की योजनाओं का लाभ अगर पात्र लोगों को मिलेगा तो ही मोदी का 18-18 घंटे काम करना सफल होगा।बैठक समापन पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए जगदीश संधू का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर विधानसभा संयोजक रवि पाल,मंडल महामंत्री अनिल जेटली,संतोष गुप्ता,सुभाष गुंबर,कृष्ण लाल गुंबर, राकेश भुड्डी, गुलशन,वीरेंद्र, हरलोक सिंह आदि रहे।

# विकास का विजन केवल कांग्रेस के पास: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने सांय अपने लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार के दौरान किच्छा के 4 वार्डो में नुक्कड़ सभाए की व क्षेत्रवासियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने की अपील की। विधायक बेहड़ ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि देश में भाजपा का केवल धर्म के नाम पर लोगों का वोट लेकर सत्ता हासिल करती है,भाजपा वालों का विकास से कोई लेना-देना नहीं है द्य यहाँ के सांसद अजय भट्ट अपनी सांसद निधि तक नहीं खर्च कर पाए जो सांसद अपनी निधि न खर्च कर पाए वो क्या विकास करा पायेगा द्य देश में विकास का विजन केवल कांग्रेस के पास हि है और कांग्रेस को विकास कराना आता है द्य पूर्व में मेरे द्वारा हि पुरानी



गल्ला मंडी में पुल का निर्माण कराया गया और मंडी को बाढ़ से बचाने के लिए गोला नदी में पिचिंग भी बनवाई थी द्य आने वाले समय में पूरा प्रयास है की नए पुलों का और पिचिंग का निर्माण कराया जा सके साथ हि अभी से अपील की कि उनकी ताकत को बढ़ाने के लिए प्रकाश जोशी जी को वोट देकर कागेस को जिताए। विधायक बेहड़ किच्छा शहर के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ सभाओं को सम्भोधित करते है द्य अपने शहर भ्रमण के तीसरे दिन के तहत उन्होंहे वार्ड न०-06 पुरानी गल्ला मंडी,वार्ड न०-05 रेलवे फाटक के पास,वार्ड न०-06 बेदी मोहल्ला,वार्ड न०-17 पुरानी गल्ला तथा वार्ड न०-05 सैनिक कालोनी के पास नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वार्ड वासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की व उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,मेंजर सिंह,राजेश प्रताप सिंह,ओम प्रकाश दुआ,बाबू सिंह,दलीप सिंह बिष्ट,राजू बेदी,गुरचरण सिंह चन्नी, जगरूप सिंह गोल्डी,गुलशन सिन्धी, जीवन जोशी,छोटूकोली,संतोष ठाकुर ,सुनीता कश्यप,कलावती,प्रेमा भट्ट,दीप हंसपाल,जमील अहमद,बंटी पपनेजा ,निम्मा सिंह,सोमपाल,इशाक अहमद,शिब्बू सक्सेना,सुधा जोशी,मधु भटनागर,अर्जुन कोली,रोबिन बाला, रणजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जागरूकता रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर। एस आई ऑटो पैक युनिट में जिला निर्वाचन अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी (नोडल स्वीप) के निर्देशों के क्रम में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में यूनिट में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान



की महत्ता के विषय में अवगत कराया गया तथा मतदान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया । कार्यक्रम में जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें लगभग 500 लोगों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में जिला उद्योग प्रबंधक विपिन कुमार, स्वीप सहायक नोडल अमन अनिरूद्ध, व्योमा जैन, युनिट के प्रबंधक मनीष बेलवाल आदि थे।

# कांग्रेस का हर कार्यकर्ता स्टार प्रचारक: नीरज तिवारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में लामचौड़ क्षेत्र में घर घर जाकर प्रचार करते नीरज तिवारी मीडिया प्रभारी कुमाऊं मंडल ने



कहा कि जमीनी स्तर पर प्रकाश जोशी को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। आम जनमानस वर्तमान सरकार से परेशान होकर परिवर्तन का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी हार से चिंतित होकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर प्रकाश जोशी को प्रचार अभियान को बाधित करने में तुली है। तिवारी ने कहा कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप में स्टार प्रचारक है हर कार्यकर्ता राहुल गांधी प्रकाश जोशी है। देश का वास्तविक भला कांग्रेस ही कर सकती है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का अनुभव और दूरगामी सोच से क्षेत्र का सच्च स्वर्णिम विकास संभव है। इस दौरान रमेश पडलिया, हेमू पडलिया, भास्कर पडलिया, विनोद भट्ट, प्रद्युमन तिवारी, रजत पडलिया, चेतन जोशी, मुकेश भट्ट, दीपक पडलिया, मनीष दानी, विकाश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# राम वनवास की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म सभा रूद्रपुर की ओर से पांच मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री राम कथा में श्री राम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाने के बाद कथा प्रसंग में राम वनवास की कथा का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। कथा वाचक ने मातृ पितृ भक्ति एवं भाई भाई के प्रेम का सुंदर प्रस्तुतीकरण करते हुए कहा कि कलयुग में माता पिता वृद्धाश्रम में हैं और भाई भाई में झगड़ा हो रहा है। राम चरित्र मानस हमें गृहस्थ और प्रेम की शिक्षा प्रदान करती है। इस अवसर पर सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, अमित अरोरा, राकेश सुखीजा, राजदेव, दीपक गुगलानी, अमित नारंग, डाली ठक्कर, महिला सभा की शशि अरोरा, राज वर्मा, राज तागरा, सीमा दुनेजा, सीमा राजदेव, आकांक्षा अनेजा, कंचन ग्रोवर, शोभा मिड्डा, वीना बत्रा, अंजू छाबड़ा, आशा विरमानी, गौरा दुआ, सुनीता अरोरा, सोनिया अरोरा आदि थे।





# उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भ्रष्टाचार का दलदल

देश में पिछले कुछ समय से पार्टी बदलने या छोड़ने का जो चलन देखा जा रहा है, आम आदमी पार्टी यानी आप के राजकुमार आनंद के इस्तीफे को भी इसी के हिस्से के तौर पर देखा जा सकता है। मगर अपने इस्तीफे के क्रम में उन्होंने जिन सवालों पर पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा किया है, उसकी अनदेखी करना मुश्किल है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक समय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए आंदोलन की बुनियाद पर खड़ी किसी पार्टी अब खुद इस मुद्दे पर दोहरा मानदंड रखने का आरोपों में घिर रही है और उसके उसके साथी साथ छोड़ रहे हैं। उनका आरोप है कि आप में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है और तेरह राज्यसभा सांसदों में से एक भी दलित नेता को जगह नहीं देना एक तरह से पार्टी में इस तबके का अपमान है। इसके अलावा, जो पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की वजह से पैदा हुई थी, वह आज भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है और उसके पास कोई नैतिक बल नहीं रह गया है। जाहिर है, कई आरोपों से घिरे नेताओं और यहां तक कि खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने की वजह से जिस समय आप के सामने चुनौतियां गहरा रही हैं, उसमें इकलौते दलित नेता के साथ छोड़ने का नकारात्मक संदेश गया है और इससे पार्टी की मुश्किलें बढ़ी हैं। संभव है कि आप की ओर से इसे केंद्रीय एजंसियों के बेजा इस्तेमाल का नतीजा बताया जाए, मगर राजकुमार आनंद ने पार्टी छोड़ने की वजह के तौर पर जो मुद्दे उठाए हैं, उसके अपने आधार हैं। शराब घोटाले में पार्टी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के मसले पर पार्टी अब तक आम जनता को अपने पक्ष या दलीलों से संतुष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि अपने नेताओं पर लगे आरोपों के बाद पार्टी का जो रुख रहा, उससे यह सवाल उठा कि भ्रष्टाचार में घिरने के बाद लड़ने के लिए क्या पार्टी का इस्तेमाल किया जाना उचित है। खासतौर पर तब जब पार्टी के लिए यही मुद्दा देश की राजनीति में अपनी जगह बनाने का सबसे मुख्य आधार रहा! इस लिहाज से देखें तो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक स्तर पर आप और उसके नेताओं का जो रुख सामने आया है, वह कथनी और करनी के फर्क को ही दर्शाता है। सही है कि राजकुमार आनंद ने इस्तीफा देने के लिए जो समय चुना, उस पर सवाल उठ रहे हैं और उन पर प्रवर्तन निदेशालय या ईडी के छापे से जुड़े संदर्भ भी सामने आ रहे हैं। मगर भ्रष्टाचार के अलावा उन्होंने दलितों के प्रति आम आदमी पार्टी के रुख पर जो सवाल उठाए हैं, उसकी अनदेखी मुश्किल है। इससे पहले पार्टी से जुड़े दलित पृष्ठभूमि के ही एक अन्य नेता राजेंद्रपाल गौतम को इसलिए अपने पद से हटना पड़ा था कि वे एक बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह में शामिल हुए थे। शायद यही वजह है कि अपने इस्तीफे में राजकुमार आनंद ने पार्टी के दलित विरोधी होने का जो आरोप लगाया है, उसे अब एक मुद्दे के तौर पर देखा जा रहा है। आम आदमी पार्टी के प्रभाव वाले मुख्य राज्यों यानी पंजाब और दिल्ली के चुनावों में दलित समुदाय का समर्थन कुछ जगहों पर जीत-हार का फैसला तय करने में बड़ी भूमिका निभाता है। ऐसे में भ्रष्टाचार पर दोहरा रवैया अपनाने के साथ-साथ पार्टी पर दलितों की उपेक्षा करने का आरोप अगर राजनीतिक मुद्दा बनता है, तो इसका असर आप के भविष्य की दिशा भी तय करने में अहम साबित हो सकता है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवनवृत्त पर पुस्तक का विमोचन

देहरादून (उदसंवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवनवृत्त पर प्रकाशित पुस्तक ''सर्वस्वदानी जननायक गुरु गोबिंद सिंह'' का विमोचन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि बैसाखी के शुभ अवसर पर हम इस पुस्तक का विमोचन कर रहे है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी प्रतिभा और दूरदर्शिता से समाज को नई दिशा प्रदान की और मानवीय हितों का संरक्षण किया। गुरु गोबिंद सिंह जी का व्यक्तित्व सूर्य के प्रकाश की तरह है जिन्होंने अपने व्यक्तित्व से सदियों से मुरझाए, निराश, हताश, लाखों करोड़ों लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाई थी। राज्यपाल ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध निर्भय होकर सामना किया और समाज को एक नई दिशा प्रदान की है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र, धर्म और अपनी संस्कृति के लिए अद्वितीय बलिदानी परंपरा का उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसके समानांतर कोई अन्य उदाहरण नहीं है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना समस्त परिवार का बलिदान किया। राज्यपाल ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने सदा प्रेम, सदाचार और भाईचारे का संदेश दिया। वह एक महान समाज सुधारक थे जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर सामना किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे महान समाज सुधारक के जीवनवृत्त पर एक पुस्तक का लेखन बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से प्रत्येक मानवता तक यह गुरु गोबिंद सिंह जी के संदेश पहुंचे यही हमारा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय, डॉ. दिनेशचंद्र शास्त्री और इस पुस्तक के लेखक, डॉ. अजय परमार, समन्वयक श्री गुरु गोबिंद सिंह शोध पीठ संस्कृत विश्वविद्यालय को इस संकलन के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा सिखाए गए मार्ग को अपनाने और समाज को एक नई दिशा देने का काम करेगी। पुस्तक विमोचन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या और हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने अपने विचार रखे और श्री गुरु गोबिंद सिंह को मानवता के लिए एक समरसता का सूत्रधार बताया। उन्होंने ऐसे महापुरुषों की जीवनी को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय डॉ. दिनेशचंद्र शास्त्री ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस पुस्तक के लेखक, डॉ. अजय परमार ने पुस्तक के बारे में जानकारी दी और इसके विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, श्रीमती हरविंदर नौनी बग्गा, श्री डी.एस. मान, डॉ. एस.एस. खेरा, रजिस्ट्रार श्री गिरीश अवस्थी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय सेठी द्वारा किया गया।



# उत्तराखंड में पोस्टल बैलेट से हुआ 94.73 प्रतिशत मतदान

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में राज्य में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 से अधिक, 94.73 प्रतिशत मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से हो चुका है, यह प्रतिशत अभी और बढ़ेगा। अभी तक 85 वर्ष से अधिक 9376 मतदाताओं और 2806 दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है। उन्होंने कहा कि 505 आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन दिया है, वे 14 और 15 अप्रैल 2024 को मतदान करेंगे। राज्य में सी विजिल के माध्यम से 19 हजार 532 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिनका त्वरित निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि सी विजिल के माध्यम से कार्यवाही में उत्तराखण्ड देश में तीसरे स्थान पर है। नेशनल ग्रीवेंस एड्रसल पोर्टल के माध्यम से लगभग 02 हजार शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिसमें से 05 शिकायतों पर कार्यवाही गतिमान हैं, अवशेष सभी शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा 2666 अनुमतियां मांगी गई, सभी अनुमतियां 06 से 07 घण्टे में दी गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए 48 से 72 घण्टे का समय दिया जाता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य में पहली बार बीएलओ ड्यूटी में लगे कार्मिकों को मतदाताओं से संपर्क करने के लिए फोन कॉल के लिए एक-एक हजार रूपये प्रदान किये गये हैं। वेब कास्टिंग टीम में लगे कार्मिकों को प्रतिदिन 300 रूपये का मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में पहली बार पोलिंग बूथों पर बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया गया है। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में पीठासीन अधिकारी सीधे संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र और डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

# नोडल समन्वयक ने की निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समन्वयक नोडल अभिषेक रूहेला व नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने पंतनगर गॉधी हॉल में सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होने सभी नोडल अधिकारियों निर्देश दिये कि मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में ईवीएम नोडल ने बताया कि सभी ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग पूर्ण हो चुकी है व सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विधानसभावार ईवीएम मशीने मतदान हेतु तैयार कर सील कर दी गयी है। उन्होने बताया कुछ सीयू, बीयू व वीवीपैट कमीशनिंग के दौरान खराब पायी गयी इसलिए रिजर्व मशीने सहायक निर्वाचन अधिकारी को रेंडमाईजेशन कर उपलब्ध करायी जा रही है जिनकी कमीशनिंग 15 अप्रैल को की जायेगी।नोडल लेखन समाग्री भावना जोशी ने बताया कि 09 विधानसभाओं में 1465 बूथ है जिसके लिये निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूची से मिलान कर 1700 मतदान किट तैयार कर लिये गये। जिसपर श्री रूहेला ने कहा कि रेण्डमली मतदान किटो की सामग्री की जांच और कर ली जाये ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टिया रवानगी दिवस 18 अप्रैल को बगवाड़ा में भी स्टांल लगाया जाये ताकि कोई सामग्री कम होने पर तत्काल उपलब्ध करायी जा सकें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी पेट्रोल में पर्याप्त मात्रा में ईंधन रिजर्व रखे। जिला पूर्ति ने बताया कि सभी पेट्रोल पम्पों को निर्देशित कर दिया गया है कि निर्वाचन के दौरान पर्याप्त मात्रा में ईंधन रिजर्व में रखेगें। उन्होने एआरटीओ को निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टियों के अनुसार वाहनो को लगाये व वाहनो पर पोलिंग पार्टियों के नाम्बर भी चस्पा करें ताकि किसी को अनावश्यक इधर-उधर न भटकना पड़ें। उन्होने कहा कि रिजर्व में भी वाहनों को रखा जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र उपलब्ध करायी जा सकें। सहायक नोडल कार्मिक ने बताया कि जहां पर पिंक बूथ बनाये गये है उन बूथों पर सुरक्षा कर्मी सहित मतदान हेतु महिला कार्मिको की तैनाती की गयी है।नोडल कार्मिक ने निर्देश दिये कि दिव्यांग व वृद्धजनो को मतदान बूथ तक



# दोस्तों के साथ नहाने गया सेना का जवान नदी में डूबा

पिथौरागढ़ । पिथौरागढ़ के अस्कोट में छुट्टी में घर आए सेना के जवान की चर्मा नदी में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार अस्कोट निवासी राहुल धामी 23 वर्ष सेना की 12 कुमाऊं रेजीमेंट में पटियाला में तैनात था। वह कुछ दिन पूर्व छुट्टी पर घर आया था। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ दोस्तों के साथ चर्मा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह डूब गया। साथियों की सूचना पर पानागढ़ से एसडीआरएफ जवान और अस्कोट थाना से प्रभारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में कांस्टेबल जगत सिंह, कवींद्र सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ ने जवान को नदी से निकालकर 108 एंबुलेंस से सीएचसी डीडीहाट पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एकता मंच के संयोजक तरुण पाल और वीरजंग पाल मृतक जवान के छोटे भाई भारतेंदु धामी को लेकर डीडीहाट पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक जवान पांच वर्ष पूर्व सेना में भर्ती हुआ था। उसके पिता की मृत्यु चार वर्ष पूर्व हो चुकी है। घर में माता तारा देवी और छोटा भाई भारतेंदु धामी है। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद पूरे अस्कोट क्षेत्र में शोक छाया हुआ है।



# संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने रविवार को जनपद उधम सिंह नगर के सभी नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव तैयारियों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में कोई भी निर्वाचन कार्मिक मतदान से नहीं छूटना चाहिए, निर्वाचन कार्मिकों के साथ निर्वाचन ड्ूटी में तैनात पुलिस , होमगार्ड , पीआरडी के शत प्रतिशत मतदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चुनाव व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पोलिंग बूथों पर आवश्यक सूचना चस्पा करने, बूथों पर संचार व्यवस्था, वेबकास्टिंग वाले बूथों पर ट्रायल रन, पीडीएमएस व्यवस्था, निगरानी टीमों को सक्रिय करने, मतदेय स्थलों में सभी सुविधाएं प्रदान करने, सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण और पोलिंग पार्टियों को बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान आदि की विस्तृत समीक्षा की । उन्होने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जायें। बैठक में ईवीएम नोडल ने बताया कि सभी ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग पूर्ण हो चुकी है व सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विधानसभावार ईवीएम मशीने मतदान हेतु तैयार कर सील कर दी गयी हैं। उन्होने बताया जनपद में 45 बी.यू., 158 सी.यू. व 66 वीवीपैट कमीशनिंग के दौरान खराब पायी गयी इसलिए रिजर्व मशीने रेंडमाइजेशन कर सहायक निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करायी गयी हैं, जिनकी कमीशनिंग 15 अप्रैल को की जायेगी। एआरटीओ ने बताया कि 780 वाहन निर्वाचन में लगाये गये हैं जिसमें से 443 वाहन चालकों को ईडीसी व 189 को पोस्टल बैलेट जारी किये गये हैं । उन्होंने बताया कि 770 निर्वाचन में लगे वाहनों में से 435 में जीपीएस लगा दिये गये हैं शेष में 17 अप्रैल को लगाये जायेंगे। 17 अप्रैल को सभी वाहन निधारित स्थान पर ईंधन आपूर्ति कर पार्क किये जायेंगे ताकि 18 अप्रैल को रूट-चार्ट के अनुसार मतदान टीमें अपने बूथों को ससमय प्रस्थान कर सकें।नोडल लेखन समाग्री ने बताया कि 09 विधानसभाओं में 1465 बूथ हैं, जिसके लिये निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूची से मिलान कर 1700 मतदान किट तैयार कर लिये गये। उन्होने बताया कि पोलिंग पार्टियां रवानगी दिवस 18 अप्रैल को बगवाड़ा में लेखन सामग्री स्टॉल लगाया जायेगा ताकि कोई सामग्री कम होने पर तत्काल उपलब्ध करायी जा सकें। नोडल पोस्टल बैलेट व सहायक नोडल कार्मिक ने बताया कि जनपद में निर्वाचन में 6732 कार्मिक लगाये गये हैं अब तक 4099 कार्मिकों को ईडीसी व 625 को पोस्टल बैलेट जारी किये गये हैं। इसी तरह जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड ने बताया 479 होमगार्ड निर्वाचन में लगाये गये है। जिसमें से 464 को ईडीसी जारी किये गये हैं। इसी तरह जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 700 पी.आर.डी. जवान निर्वाचन में लगाये गये हैं जिसमें से 656 को ईडीसी व 2 को पोस्टल बैलेट जारी किये गये हैं । संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में लगे सभी का शत-प्रतिशत मतदान कराने के साथ ही मतदान हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के, नोडल आरडी पालीवाल, टीएस मर्तोलिया, नरेश चन्द्र दुर्गापाल, शिप्रा पांडे, केएस रावत, श्याम आर्या, भूपेन्द्र सिंह रावत, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, रविन्द्र बिष्ट, गौरव पांडे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अमृता शर्मा, रविन्द्र जुवांठा व अभय प्रताप सिंह सहित समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने किच्छा में निकाला जोरदार रोड शो





किच्छा (उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधमसिंह नगर के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जोरदार रोड शो निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। मतदान की तिथि नजदीक आते ही भाजपा प्रत्याशी ने प्रचार अभियान में ताकत झोंक दी है। इसी के तहत किच्छा में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जोरदार रोड शो निकालकर ताकत का एहसास कराया।रोड शो के दौरान अजय भट्ट ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार के प्रयास से न सिर्फ सड़क की कनेक्टिविटी बढ़ी है, बल्कि डिजिटल सुविधाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के लिए मोदी सरकार जरूरी है।भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि आज गांवों में आधुनिक सुविध एं विकसित हुई हैं। भाजपा की दस वर्ष की मोदी सरकार के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण हुआ है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। देश की 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है। कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जितनी तेज गति से सड़कों का निर्माण कार्य हुआ है, उतना 70 सालों में नहीं हुआ। रेलवे से लेकर हवाई यातायात तक की सुविधाएं बढ़ी हैं। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि राम मंदिर का प्रकरण सालों से लंबित था। भाजपा ने मंदिर निर्माण का प्रण लिया और उसे पूरा कर दिखाया। करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक भव्य राम मंदिर आज अयोध्या में बन चुका है। कहा कि कांग्रेस मंदिर विरोधी रही यह बात साबित हो चुकी है, जब कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और सोनिया गांधी ने राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण तक ठुकरा दिया था। कहा कि रक्षा के क्षेत्र में भारत काफी मजबूत हुआ है। आज हमारी सेनाएं अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं। शक्तिशाली भारतीय सेनाओं की वजह देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद का खात्मा किया जा रहा है।उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने का ख्वाब छोड़ दे। आज कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है, जो पार्टी की कमजोरी को प्रदर्शित कर रही है। कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के कारण देश में आतंकवाद पनपा। आज भी कांग्रेस का ऐजेंडा तुष्टीकरण का है। जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। कहा कि सशक्त भारत के लिए केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जरूरी है। जनता ने फिर मन बना लिया है देश में मोदी सरकार लाने का। रोड शो के दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विपिन जल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, लवी सहगल श्रीकांत राठौर ,ध र्मराज जायसवाल ,पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल, विपिन जल्होत्रा, अक्षय अरोड़ा विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, जितेंद्र सिंह संधू, दिव्यांशु लूथरा, सोनू ,शरीफ मलिक,संजीव खन्ना, राजेश तिवारी, नितेश वाला, जानकी तिवारी ,राजकुमार कला, अजय तिवारी, गफ्फार खान, सोमराज सहगल ,हंसराज अरोरा, कुंदन लाल खुराना,मनमोहन सक्सेना, अभिषेक सक्सेना, ओमकार ,डॉ एके गुप्ता, सनी सहगल, मूल चंद्र राठौर , कुलदीप सिंह बग्गा, किशन गोयल, लता सिंह ,संगीता शर्मा ,आरती दुबे ,दया रसीला, प्रेमलता चौहान ,कंचन शर्मा ,शोभित शर्मा , विवेक राय, विधानसभा विस्तारक भुवन पांडे, भगवान दास वर्मा, अमरनाथ कश्यप, मंडल मंत्री पूरन भट, प्रकाश पंत, राजेश कोली, विनोद कोली, महेंद्र पाल, मुकेश कोली, मूलचंद कोली, राकेश गुप्ता, गोल्डी गोराया, सुरेंद्र चौधरी, हीरालाल प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, भगत सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया वैसाखी का पर्व

## प्रभु नेत्रालय एवं श्री रामदास ट्रस्ट ने आयोजित किया नेत्र चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर




किच्छा(उद संवाददाता)। वैसाखी एवं खालसा साजना दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर नगर स्थित गुरुद्वारों में धार्मिक दीवान सजाया गया और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के बताए आदर्श पर चलकर मानव सेवा एवं देश सेवा का संकल्प लिया गया। नगर के वार्ड नंबर एक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। गुरुद्वारा परिसर में सजाए गए धार्मिक दीवान में बाहर से आए कथावाचकों ने गुरु की महिमा का सुंदर बखान किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर गुरु महाराज जी को यादकर नमन किया। इस मौके पर प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर एवं श्री रामदास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में लगाए गए शिविर में दर्जनों लोगों ने अपने नेत्रों की निशुल्क जांच कराई तथा नेत्रों की जांच के अलावा निशुल्क दवा भी वितरित की गई। आयोजित रक्तदान शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। गुरुद्वारा कमेटी प्रधान सरदार जितेंद्र सिंह संधू ने बताया कि शिविर में गंभीर रोगों से पीड़ित चिन्हित नेत्र रोगियों का प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के माध्यम से निशुल्क ऑपरेशन करने के साथ ही रोगियों को लाने तथा ले जाने की सुविधा निशुल्क की जाएगी। गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु की महिमा का बखान किया। मौके पर सुरजीत सिंह, खुशविंदर सिंह, पंडित अनिल शर्मा, सुखविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह डिंपल, राजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, रूपेंद्र कौर, पवनप्रीत कौर, कश्मीर कौर, मंजू शर्मा, सर्वजीत कौर, गुरदेव सिंह विर्क, गुरमेल सिंह धारीवाल, हरविंदर सिंह चुघ, प्रदीप सिंह खालसा, अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे। इधर नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारे में भी बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारे में आयोजित विशेष धार्मिक दीवान में हजूरी कथा वाचक भाई सतपाल सिंह एवं भाई प्रितपाल सिंह ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। ध ार्मिक दीवान के उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह गिल ने बताया कि रबी की फसल तैयार होने के उपरांत बैसाखी पर्व को मनाने की परंपरा है तथा बैसाखी पर्व को सिख समाज द्वारा खालसा साजना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मौके पर जगरूप सिंह गोल्डी, डॉ गुलशन पाल, गुरनाम सिंह धारीवाल, प्रभजोत सिंह, देवेंद्र सिंह मंड, निर्मल सिंह हंसपाल, सिमरनजीत कौर, जगजीत में कौर, जोगिंदर सिंह ग्रोवर, तेजपाल सिंह, निशांत सिंह धारीवाल आदि मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व मे देश ने बनाई एक अलग पहचान : ठाकुर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री शांतनु ठाकुर ने नैनीताल उधम नगर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष मे रूद्रपुर क्षेत्र के संजय नगर खेड़ा व आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी मे जनसभाओ को सम्बोधित किया।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कार्यकाल आम जनमानस व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय लोगो से कहा अजय भट्ट के रूप मे ऐसे प्रत्याशी को चुनने जा रहे है जो आपकी चिंता करता है जो आपके हितो को सरकार से लेकर संसद मे विषयो को रखता है। शांतनु ठाकुर ने कहा राष्ट्र हित मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करते हुए आने वाली



को समर्पित रहा है नैनीताल उधम नगर क्षेत्र के प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपनी लोकसभा क्षेत्र मे ऐसे बड़े-बड़े अनेको कार्य किए हैं जिसका लाभ यहां की जनता को मिला है। मंत्री ठाकुर ने कहा बीजेपी ऐसी पार्टी है जिसने बंगाली समाज के हित व उनके उत्थान को ध्यान में रखते हुए अनेको कार्य किये है , नरेंद्र मोदी सरकार ने सीएए लागू कर अपने दृढ़ संकल्प को 19 अप्रैल को कमल के निशान का बटन दबाकर अजय भट्ट की जीत सुनिश्चित करनी है। इस दौरान कार्यक्रम मे विधायक शिव अरोरा,दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, विध ानसभा प्रभारी प्रकाश हरबोला, सुरेश कोली,राजकुमार साह, रोबिन विश्वास, शिव कुमार, ईश्वर मलिक, गणेश राय, प्रमोद मित्तल, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।




# आज बेरोजगारी और महंगाई देश का सबसे बड़ा मुद्दा : प्रियंका






## कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने वीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में की जनसभा
## मोदी सरकार में किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के साथ हुआ अत्याचार





हरिद्वार/रूड़की (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी रुड़की पहुंचीं। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड में जमीन के कानूनों को मजबूत करेगी। प्रियंका गांधी ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के डीएवी मैदान रुड़की में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत और टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी आज शनिवार को रामनगर के बाद दोपहर बाद रुड़की पहुंचीं। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में वोट देने की अपील की। यहां प्रियंका गांधी ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि पिछे दस सालों से मोदी सरकार में निरंतर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता बेहाल हो चुकी है। प्रियंका गांधी ने जनसभ को संबोधित करते हुए कहा कि हरिद्वार मां गंगा जी के चरणो में आकर बहुत खुशी हो रही है। प्रियंका गांधी ने हर हर गंगे के जयघो लगाते हुए अपने संबोधन की शुरूत की। उन्होंने कहा कि यह पवित्र भूमि है यहां आकर खुशी होती है और देश के प्रति धर्म के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति दिल में श्रद्ध भी जगती है। आज चुनाव के मौके पर आयी हूं। चुनाव वोट डालने का समय होता है लेकिन हिसाब लेने का भी समय होता है। इस वक्त आपका समझना चाहिये। जन देश को बदलने वाली होती है जब तक आप सरकार को पूरे विवेक से नहीं चुनेंगे तो पूरा देश संकट में आ जायेगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज प्रचार के लिए भाजपा के नेता आते है अलग अलग राजनीतिक दलों के नेताओं का भाषण सुनती हू लेकिन आपके ध्यान को भटकाने वाली बाते ज्यादा होती है। ऐसे मुद्दो पर बात करते है जो जनहित से नहीं जुड़े हुए होते है। यह आपका चुनाव है यह आपका भविष्य तय करने जा रहा है। आप अपने मुद्दों और संघर्षो को सर्वोपरि रखिये। आपकी मुश्किलों का समाधन कौन कर रहा है इसको ठक तरह से समझकर वोट करें। आज सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। बेरोजगारी आज देश में 45 सालों मे सबसे अधिक है मोदीजी रोजगार की बात करते है सेना की बात करते है लेकिन रोजगार के तौर पर बेरोजगारी दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईआईटी का ग्रेज्वेट भी प्लेसमेंट के लिए भटक रहा है। सरकार की नीयत और नीति रोजगार बढ़ाने की नहीं है। बड़े बडे कारोबार कारखानों से रोजगार आता था खेती किसानी से रोजगार होता था। देश की सार्वजनिक सम्पत्तियों को उद्योगपतियों को सौंप दिया गया है। छोटे और मध्यम कारोबारियों पर पहले नोटबंदी थोपी गई। तब लोगों ने विश्वास किया था कालाधन वापिस आयेगा। अब पता चल रहा है कि कालाधन कहां गया। अब पता चल रहा है सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो चंदा भाजपा ने लिया उसको दिखाओ पारदर्शी बनो और उसकी लिस्ट बताओ। उसे पता चल रहा है कालाधन कहां गया। नोटबंदी का नुकसान आप झेल रहे हो, छोटे दुकानदार झेल रहा है। छोटा दुकानदार रोजगार नहीं दे सकता। प्रियंका गांधी ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसानों को महंगाई की मार पड़ रही है। नकी नीतियां रोजगार घटाने वाली है। कांग्रेस पार्टी जिन प्रदेशों में सरकार में आयी वहां गारंटी दी थी सरकार पदों को भरा जायेगा। आज भी केंद्र सरकार तीस लाख खाली पदों को नहीं भर पायी है। देश में युवा पढ़ाई के लिए मेहनत कर रहा है लेकिन रिक्त पद नहीं भरे जा रहे है। बेरोजगार युवा भटक रहे है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र में सरकार बनने पर तीस लाख पदों को भरने की गारंटी दे रही है। कांग्रेस ने जो वायदे किये उन्हें पूरा किया जायेगा। हर परिवार की पहली सरकार नौकरी पक्की की जायेगी। जो स्नातक पास है उन्हें एक लाख रूपये दिया जायेगा। पांच लाखा का फंड बनाने के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की जायेगी। छात्र छात्राओं को मेपर लीक से बचाने के लिए जॉब कलेंडर लागू किया जायेगा। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया जायेगा। उत्तराखंड में बेराजगारी के कारण पलायन की समस्या बढ़ रही है। कांग्रेस पलायल को रोकने के लिय पर्यटन और स्थानीय खेती को मजबूत किया जायेगा। यहां की जमीनो के कानून को मजबूत बनाया जायेगा। यहां की पफसलों और फलों का आयात निर्यात किया जायेगा। सरकार बनने पर जनता के फायदे के लिए नीतियां बनायी जायेगी। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एमएसपी कानून को लागू किया जायेगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों को जीएसटी से मुक्त किया जायेगा। मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का 16 हजार करोड़ का लोन माफ किया गया है। किसान कर्ज लेकर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। लेकिन सरकार किसानों के लोन माफ नहीं कर रही है। कांग्रेस कृषि ऋण आयोग बनाकर किसानों का राहत दिलायी जायेगी। किसानों की फसलों को बाजार उद्योगपतियों के हवाले नहीं किया जायेगा। भाजपा केवल अच्छी चीजें दिखाकर जनता को गुमराह कर रही है। जनता से आह्वान किया कि इस बार सबकुछ बदल दो। उन्होंने प्रदेश की पांचों सीटों पर कांग्रेस को विजयी बनाने का आह्वान कर हरिद्वार लोस सीट के प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व सीएम हरीश रावत, कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत, भगवानपुर विधायक ममता राकेश, हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, विधायक फुरकान अहमद, चकराता विधायक प्रीतम सिंह, पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, झबरेड़ा विधायक विरेंद्र जाती, विधायक रवि बहादुर, पूर्व राज्यमंत्री संजय पालीवाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पीढ़ी दर पीढ़ी देश सेवा की परम्परा होती है सच्ची देशभक्ति

रूड़की। प्रियंका गांधी ने जनसभा में मंच से भगवान राम का जिक्र करते हुए कि भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम थे। वह अपने परिवार के वसूलों क लिए लड़े, अपने परिवार की गमि के लिए लड़े, अपने कुल की रक्षा की और तभी उन्होंने अपने लोगो और अपनी प्रजा की रक्षा की यह पुरानी हिंदू परम्परा है यह त्याग हमारेधर्म की परम्परा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि जो पीढ़ी दर पीढ़ी इस देश की सेवा करती है इसको देश भक्ति कहते है एक शहीद होता है तो दूसरा खड़ा होगा तीसरा शहीद होगा तो चौथा खड़ा होगा। इसको परिवारवद नहीं कहते इसको सच्ची देशभक्ति कहते है। कुछ नहीं चाहिये आपसे आपने इतना दिया है कि दस पीढ़िया नहीं चुका सकती आपका ऋण, आप हमे नहीं चाहते तो हम सेवा करेंगे हम मागेगे नही। एक सच्ची आस्था होती है एक सच्ची श्रद्धा होती है यह मोदीजी नहीं समझ पायेगे आप समझोगे आप क्यो समझोगे क्योकि आपने शरहद पर अपने बेटों को भेजा है। आपके बे बेटे इस देश के लिए शहीद होने के लिए तैयार हूए है मोदीजी ने कुछ त्याग नहीं किया इस देश के लिए त्याग आपने किया है। आप समझ सकते है एक परिवार इस देश के लिए त्याग करता है इस देश के लिए शहीद होता है तो इसका क्या मतलब है।उसके दिल में कैसी श्रद्ध होती है। आप संसद से निकाल दो एंजेंसियों को भेज दो हमारी पूरे परिवार को जेल भेज दो हमे कोई परवाह नहीं। हमे आपका भय दिखता है। पियंका गांधी ने कहा कि क्या जनता का मन बदल गया है। ऐसी क्या नौबम आ गई कि दो दो मुख्यमंत्रियो को जेल डाल दिया। रोज कहा कि है पूरे देश सब भ्रष्टाचार है।दस सालों में जनता को बताने के लिए क्या है जनता को बताने के लिए क्या निकला इलेक्टोरल बांड। बीजेपी सिर्फ चंदा खाओ राज करो की नीति चला रही है। चंदा लेकर सुप्रीम कोर्ट को भी गुमराह किया गया। प्रियंका गांधी ने कहा कि धर्म के बारे में बोलने वाले बहुत है लेकिन धर्म को धारण भी करना पड़ता है।

## उत्तराखंड में पलायन रोकने के लिए जमीन के कानूनों को मजबूत करेगी कांग्रेस : प्रियंका

रूड़की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी रुड़की पहुंचीं। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका ने कहा इन 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को बहुत बेवकूफ बनाया है। वादा करते हैं नारी शक्ति का और अंकिता भंडारी के हत्यारों को भाजपा अब तक बचा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड में जमीन के कानूनों को मजबूत करेगी। प्रियंका को पूर्व सीएम हरीश रावत और विधायकों ने गंगाजल से भरा कलश भेंट किया। प्रियंका गांधी ने हर हर गंगे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि यहां आकर खुशी होती है और देश, धर्म और अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा जागती है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनावों में अपने मुद्दों को सर्वोपरि रखिए। समस्याओं का समाधान कौन दे रहा है उसे वोट दीजिए। आज देश में 45 सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। मोदी रोजगार, जवानों और सेना की बात करते हैं। दस सालों में उन्होंने क्या रोजगार दिया है।



आईआईटी वालों के लिए भी रोजगार ढूंढना मुशकिल हो गया है। सरकार नीयत नहीं रोजगार बनाने के लिए कारखानों से लेकर रेलवे तक सब बड़े-बड़े उद्योगपतियों को बेच दिया है। नोटबंदी को लेकर प्रियंका ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा नोटबंदी क्या थी ? इसका खामि याजा छोटे बिजनेसमैन और दुकानदार भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में मंहगई बढ़ती जा रही है। बीजेपी की नीति रोजगार घटाने वाली है। लोग उत्तराखंड से पलायन करके जा रहे हैं। पलायन को रोकने के लिए उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्कीम बनाएगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड जमीन के कानूनों को मजबूत करेंगे। हिमाचल की तरह ही कांग्रेस जमीन के कानूनों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जमीन के कानूनों को कमजोर किए गए हैं। कांग्रेस एमएसपी के लिए कानून बनाएगी और खेती के सारे सामान पर से जीएसटी हटाएगी। भाजपा के शासनकाल में बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हजारों-करोड़ों रुपये के कर्ज माफ हो रहे, जबकि किसानों के 10 हजार रुपये तक के भी कर्ज माफ नहीं किए जा रहे हैं। इससे किसान आत्महत्या कर रहा है।

## हरिद्वार से चल रही है परिवर्तन की आंधी : हरदा

रूडकी। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे साढ़े 56 साल का राजनीतिक और कांग्रेस का कार्यकर्ता हूए कांग्रेस का झंडा थामें आप सभी मेरे सहभागी बने हैं मै उन सबको नमन करता हूं। मै आज जब 75 वर्ष के ऊपर हो गया हूं उस समय आज ये सारी चुनौतियां मुझसे चीख चीख कर कह रही हैं हरीश रावत एक बार फिर जवान से भी जवान बरकर कटिबद्ध रहो। पिछले 22 वर्ष पूर्व हरिद्वार के विकास की यात्रा शुरू की है। मेरे गहरा रिश्ता बना हुआ है। हमने कई उथल पुथल भी देखी हैं। हरदा ने कहा कि आज आपकी मेहनत से हरिद्वार में कांग्रेस बुलंदियों में। 2009 के चुनाव में कांग्रेस पांचों सीटों पर विजय हुई थी। मै आपके जज्बे को सलाम करता हूं। आप सबसे मुझे जिताकर हरिद्वार ने ऐतिहासिक कार्य किया था।अगल अलग पदों पर मैने देश की सेवा की है। आपकी भावनायें मुझसे जुड़ी हुई है। हरिद्वार से परिवर्तन की लहर चल रही है। हरदा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सारे उत्तराखंड को परिवर्तन की धारा में लाना होगा और दोरंगे झंडे वाले परिवर्तन के सैलाब में बह जायेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तराखंड में मैने एक बहुत अच्छी सरकार दी थी। कांग्रेस की नीतियों से उत्तराखंड समृद्ध बन सकता था लेकिन सरकार गिर गई। मेरी सरकार में जनता के लिए सभी मंत्रियों के दरवाजे खुले हुए रहते थे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि मेरे जीवन में मैने हमेशा किसानों, मजदूरो, नौजवानों, पिछड़ो, और, गरीबों, दलितों, महिलाओं, कर्मचारियों व्यापारियों के शोषित वर्ग को आगे रखा है। आज पूरे उत्तराखंड में परिवर्तन की ललकार पैदा करनी है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने मंच से जोरदार नारे लगाकर उत्साह बढ़ाया। हरदा ने प्रियंका गांधी कैसी है इंदिरा गांधी जैसी हैं के नारे लगवाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं जोश भरा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आत दो वर्षा से बहन अंकिता भंडारी को न्याया नहीं मिल पा रहा है। उनके माता और पिता पूछ रहे है वह वीआईपी कौन है। अग्निवीर योजना से सेना के हित में नहीं है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में की गई गारंटियों की जानकारी देत हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानो,युवाओं, मजदूरों और महिलाओं को सुरक्षा देने का काम किया जायेगा।

